गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
HOME AFFAIRS

my GOV
मेरी सरकार

# NARCOTICS CONTROL BUREAU

## Say Yes to Life, No to Drugs

## Certificate

This is to certify that

Vikas Kumar Sahu

has taken the 'Say Yes to Life, No to Drugs' Pledge and committed himself/herself to consciously cooperate in stopping drug abuse and stay away from drugs to live a healthy life.

**9532477958**

**June, 26 2022**

# सड़क सुरक्षा की शपथ लेने लोगों ने दिखाई जागरूकता

## हाईस्कूल मैदान में राज्य महिला आयोग की सदस्य शशिकांता राठौर ने दिलाई शपथ, स्कूल के विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

**इन दौड़ती भागती सड़कों पर...**

निर्माण, सुविधा और सुरक्षा की समीक्षा

जांजगीर- चांपा (नईदुनिया न्यूज)। भागती दौड़ती सड़कों पर जीवन बचाने के दैनिक जागरण व नईदुनिया के महाअभियान में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जनप्रतिनिधि कलेक्टर, एसपी सभी ने इस अभियान में सहभागिता का आग्रह किया था। जिले के स्कूल, कालेज ,कार्यालय से लेकर विभिन्न स्थानों में लोगों ने सड़क सुरक्षा की शपथ ली। हाई स्कूल मैदान जांजगीर में डाइट व विभिन्न स्कूल के विद्यार्थियों को राज्य महिला आयोग की सदस्य शशिकांता राठौर ने सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हर वर्ष सड़क दुर्घटना में लगभग डेढ़ लाख लोगों की मृत्यु देश में होजाती हैऔर लाखों लोग घायल होते हैं। इसलिए सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करना जरूरी है। उन्होंने खासकर सड़क पर स्टंट न करने का आग्रह किया।

हाईस्कूल मैदान में नईदुनिया के इस शपथ कार्यक्रम में राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य रमेश पैगवार, नगरपालिका जांजगीर -नैला केअध्यक्ष भगवानदास गढ़ेवाल, भाजपा इंटरनेट मीडिया प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रशांत सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सभापति राजकुमार साहू, जांजगीर-नैला मंडी अध्यक्ष व्यास कश्यप, जिला कांग्रेस महामंत्री आभाष बोस, भाजपा के जिला महामंत्री अमर सुल्तानिया, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष नीता थवाईत, पार्षद विवेक सिसोदिया, जिला कांग्रेस प्रवक्ता रफीक सिद्दीकी, जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस शर्मा, हरदेव टंडन, चुन्नू थवाईत, मितेश यादव, एनसीसी अधिकारी दिनेश चतुर्वेदी, दीपक तिवारी, सुनील सिंघानिया, डाइट व्याख्याता संजय शर्मा, व्याख्याता भुनेश्वर जायसवाल, स्पोर्टस आफिसर याकूब कुजूर, व्याख्याता रेखा तिवारी, नईदुनिया के ब्यूरो चीफ डा. कोमल शुक्ला, सीनियर रिपोटर मदन तिवारी, योगेश शर्मा और डाइट, शासकीय बहुद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1, जिज्ञासा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और डीपी केशरवानी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्रा बड़ी संख्या में उपस्थित थे। बहुद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व टीसीएल कालेज के एनसीसी कैडेट भी उपस्थित थे।



शपथ लेतेनगर के जनप्रतिनिधि ● नईदुनिया



शपथ में शामित एनसीसी कैडेट।





शपथ में शामिल जिज्ञासा, डीपी केशरवानी व शाउमावि जांजगीर के विद्यार्थी व व्याख्याता ● नईदुनिया

### धन्यवाद आप सबका

नईदुनिया के सड़क सुरक्षा अभियान में जिले के सभी जनप्रतिनिधि, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, एसपी विजय अग्रवाल, डीईओ एचआर सोम, सभी स्कूलों के प्रधान पाठक, प्राचार्य व शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इनकी प्रेरणा से विद्यार्थी, अधिकारी कर्मचारी व आमजन इस अभियान में उत्साहपूर्वक शामिल हुए। नईदुनिया परिवार इस सहभागिता के लिए सभी को धन्यवाद करता है।


realme
Shot by Miss Queen
2022/09/05 13:11


PASSIVE VOICE VERB
Subject
Verb
GPS Map Camera
Khokhra, Chhattisgarh, India
XHPH+574, Khokhra, Chhattisgarh 495668, India
Lat 21.984617°
Long 82.578191°
05/09/22 01:02 PM GMT +05:30

# 249 विशेष पुलिस अधिकारी को किया गया सम्मानित

**दशहरा और दुर्गा विसर्जन में एनसीसी, एनएसएस, स्काऊट गाईड, बीपीएड, एमपीएड के कैडेट्स की ड्यूटी विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में लगाई गई थी**



जांजगीर-चांपा/छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस

दशहरा और दुर्गा विसर्जन के अवसर पर कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए विशेष पुलिस अधिकारियो को एकदिवसीय प्रशिक्षण उपरांत एनसीसी, एनएसएस, स्काऊट गाईड और बीपीएड, एमपीएड के होनहार कैडेट्स की ड्यूटी विशेष पुलिस अधिकारी के रूप मे लगाई गई थी।

पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा कैडेटस से ड्यूटी के दौरान होने वाली समस्याओं एवं अनुभव के संबंध मे फीडबैक लिया गया, कैडेट्स द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार की ड्यूटी करने में उत्सुकता दिखाई दिखाई गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी कैडेट्स को पुलिस के कार्य को गंभीरता से जानने एवं समझने के लिए थाना भ्रमण कार्यक्रम रखने की बात की जिससे कैडेट्स पुलिस की कार्यप्रणाली एवं थाने में होने वाले कार्यों की पूर्ण जानकारी हो सके, साथ ही ड्यूटी में लगे सभी विशेष पुलिस अधिकारियों को लगन एवं मेहनत ड्यूटी संपादित करने पर धन्यवाद देते हुए भविष्य में इसी प्रकार से आने वाले त्योहारों के समय ड्यूटी के दौरान सहयोग करने की अपेक्षा की गई।

विशेष पुलिस अधिकारियों द्वारा दसहरा एवं नवरात्रि पर्व के अवसर पर लगन एवं मेहनत से ड्यूटी सम्पादित करने के फलस्वरूप पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, रक्षित निरीक्षक एनसीसी के अधिकारी एवं कैडेटस उपस्थित रहे।

12 नईदुनिया
बिलासपुर, शनिवार 10 सितं

## एक नजर में

### एनसीसी का टीकाकरण अभियान



टीका लगाती स्वास्थ्यकर्मी

**जांजगीर- चांपा** । शासकीय टीसीएल पीजी कालेज जांजगीर की एनसीसी इकाई द्वारा 7 छग बटालियन एनसीसी बिलासपुर के कमान अधिकारी कर्नल सतीश कुमार गुप्ता एवं प्राचार्य डा. एपी वर्मा के मार्गदर्शन एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डा. मनीराम बंजारे के नेतृत्व में महाविद्यालय में कोविड 19 विशेष टीकाकरण अभियान चलाया गया जिसमें 34 कैडेट्स सहित कुल 192 छात्र-छात्राओं को कोविड वैक्सीन की दूसरी और बूस्टर डोज लगाया गया। टीकाकरण अभियान में कैडेट्स ने टीकाकरण करने वाले छात्र- छात्राओं का नाम पोर्टल में दर्ज करने एवं टीकाकरण पश्चात वेटिंग रूम में व्यवस्था बनाने में सहयोग किया। प्राध्यापक डा. केपी कुर्रे ने एनसीसी के इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा पूर्व में भी कोरोनाकाल में कैडेट्स का योगदान रहा। प्रभारी अधिकारी डा. पुष्पेंद्र लहरे बीएमओ नवागढ़ ने कहा कि कोरोना से बचाव में टीकाकरण की महत्वपूर्ण भूमिका है। अत: सभी कैडेट्स को टीकाकरण अभियान के बारे में लगातार प्रचार-प्रसार करने की जरूरत है। टीकाकरण में सहयोग के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम मेंसीएचओ धीरज भारद्वाज , आरएचओ बसंती कंवर, गैर सरकारी संस्थान समर्थन से सावन भास्कर कलस्टर फैसिलिटेटर तथा कैडेट्स राहुल विजय, सूरज, विवेक, छत्रपाल, राहुल रात्रे, विकास, स्नेहा, रामकिशन, आंचल का योगदान रहा।




Scanned with CamScanner

# टीसीएल के करमा नृत्य को जिला स्तर पर मिला पहला स्थान

■ नवभारत न्यूज | जांजगीर-चांपा.
www.navbharat.news

प्रदेश के पहले गृहमंत्री रहे व पूर्व पीसीसी अध्यक्ष शहीद स्व.नंदकुमार पटेल की जयंती पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन तीन चरणों में किया गया. पहले चरण में कॉलेज स्तरीय का स्पर्धा का आयोजित किया गया. जिसमें चयनित विद्यार्थी जिला स्तर पर अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता में शामिल हुए. जिले के अग्रणी कॉलेज शासकीय टीसीएल



महाविद्यालय जांजगीर में आयोजित स्पर्धा का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अम्बिका वर्मा ने किया. इस अवसर पर प्रोफेसर बी.के.पटेल, के.पी.कुर्रे, श्री पाटले उपस्थित रहे. कार्यक्रम संयोजक डॉ. ईश्वरी सूर्यवंशी ने बताया कि प्रतियोगिता के तीसरे चरण के विजेता 5000 रूपये, उपविजेता को 4000 तथा तीसरे स्थान पर 3000 रूपये का पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा. इस अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में कन्या महाविद्यालय जांजगीर की पायल पटेल को पहला पुरस्कार मिला. सक्ती की लकेश्वरी पटेल को दूसरा, बनाहिल की प्रमिला सेन, तीसरा जांजगीर के अमित खुंटे चौथा तथा केसरी महाविद्यालय के इंदू साहू को पांचवा स्थान मिला. इसी तरह लोक नृत्य प्रतियोगिता में टीसीएल जांजगीर पहला, कोर्णाक कॉलेज दूसरा, सक्ती तीसरा, नवागढ़ चौथा तथा पामगढ़ पांचवा पुरस्कार मिला. वहीं चित्रकला में दीक्षा विश्वकर्मा को पहला, रामलाल कश्यप को दूसरा, गुंजा बघेल तीसरा, ज्योति कश्यप चौथा, रीचा यादव को पांचवा पुरस्कार मिला. भाषण प्रतियोगिता में आशीष शर्मा पहला, गायत्री महरा दूसरा, वैशाली अहीर तीसरा, देवांशु पाठक चौथा तथा सुरेन्द्र बंजारे पांचवे स्थान पर रहे.

# मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदाताओं का जागरूक होना जरूरी

जांजगीर-चांपा (नईदुनिया न्यूज)। तेरहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर बुधवार को शासकीय जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यालय जांजगीर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। ''नथिंग लाइक वोटिंग, आई वोट फार श्योर मेकिंग थीम पर आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट सेवा देने वाले प्रोफेसर, नोडल अधिकारी और बीएलओ को सम्मानित किया गया। अतिथियों द्वारा समारोह का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मतदाताओं को जागरूक करने रंगोली भी बनाई गई थी। अतिथियों द्वारा युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के साथ रंगोली का अवलोकन भी किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने अध्यक्षता करते हुए लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखने तथा देश के लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा बनाए रखने एवं स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भिक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गीत – मैं भारत हूं का श्रवण किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिन्हा ने कहा भारत 26 जनवरी 1950 को गणराज्य बना उसके एक दिन पहले 25 जनवरी को भारत निर्वाचन आयोग का गठन किया गया। उन्होंने नये मतदाताओं को बधाई भी दी और उनका आह्वान करते हुए कहा कि भविष्य में मतदाता ही लोकतंत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे और सशक्त लोकशाही के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका में अपना योगदान देंगे। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार सोनी ने कहा मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में मतदाताओं को जागरूक होना जरूरी है। संपूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न लोकतांत्रिक गणराज्य की स्थापना और सुदृढ लोकतंत्र के निर्माण के लिये मतदाताओं की सजगता और जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमें देश काल परिस्थिति के अनुरूप योग्य व्यक्ति का चुनाव करना चाहिए। मताधिकार हमें संविधान से प्राप्त एक महत्वपूर्ण अधिकार है, यह अधिकार लोकतंत्र को मजबूत बनाने का भरोसा है। इस भरोसे पर सभी मतदाता खरे उतरें तभी मजबूत जनतंत्र की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा। उन्होंने युवा मतदाताओं से कहा कि वेमतदान के प्रति स्वयं जागरूक बनें और अन्य मतदाताओं को भी जागरूक बनाये जानेका आग्रह किया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर एसपी वैद्य ने कहा कि वर्ष 2011 से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाना प्रारंभ किया गया था, जिसका उद्देश्य मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूकता पैदा करना है। जिससे देश के प्रजातंत्र को और मजबूत बनाया जा सके। अत: मताधिकार का प्रयोग जरूर करें और सभी 18 वर्ष पूर्ण होने पर मतदाता सूची में या पोर्टल के माध्यम से नाम जुड़वा कर मताधिकार प्राप्त करें। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन कार्यालय की तरफ से सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर गुड्डू लाल जगत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी वहीदुर्रहमान शाह, डिप्टी कलेक्टर विक्रान्त अंचल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव गीतेश कौशिक, शासकीय जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डा. दिलीप शुक्ला, नोडल अधिकारी स्वीप बीके पटेल प्राचार्य नवीन शासकीय महाविद्यालय नवागढ़, प्रो. राजेश चंद्रा, डा. एमआर बजारे, डा. पुष्पा सिंह, डा. सविता पांडेय सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, एनसीसी स्काउट्स के छात्र-छात्रा व प्राध्यापक उपस्थित थे।



सहायक प्राध्यापक को सम्मानित करते अतिथि • नईदुनिया



जेपीजी – शपथ लेते उपस्थित लोग • नईदुनिया

## नए मतदाता व उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ सम्मानित

समारोह में जिला एवं सत्र न्यायाधीश और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने 18 एवं 19 वर्ष के नये मतदाता अदिती पैगवार, ज्योत्सना पैगवार, अरविंद कुमार, अभय शुक्ला, शुभागी परमानंद, छतराम देवांगन, भूपेन्द्र कुमार, रितेश कुमार, आकाश देवांगन, प्रकाश जलतारे, हेमकुमार, हेमंत तम्बोली, श्रेया सोनी, रेनू बिझवार को ईपिक कार्ड एवं आयोग द्वारा निर्धारित आकृति एवं रंग अनुसार निर्मित बैज जिसमें मतदाता बनने पर हमें है गर्व, वोट देने को हम है तैयार नारा मुद्रित है देकर सम्मानित किया। मतदाता जागरूकता स्वीप में उत्कृष्ट कार्य के लिए नोडल अधिकारी एवं टीसीएल कालेज की सहायक प्राध्यापक डा. ईश्वरी बृजवासी सूर्यवंशी को प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2023 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विधानसभा अकलतरा मतदान केन्द्र क्रमांक 53 बलौदा नगर पंचायत-7 के बीएलओ अयोध्या सिंह ठाकुर, उच्च वर्ग शिक्षक, विधानसभा जांजगीर-चाम्पा मतदान केन्द्र क्रमांक 102 जांजगीर-नैला नगर पालिका परिषद 28 के महतपारा-1 के बीएलओ सत्यनारायण यादव, शिक्षक को प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया साथ ही दृष्टिबाधित कमलेश साहू, सहायक शिक्षक को सम्मानित किया गया।

# मतदाता दिवस पर अधिकारियों ने ली शपथ



उपस्थित कलेक्टर व अन्य अधिकारी • नईदुनिया

जांजगीर-चांपा (नईदुनिया न्यूज)। जांजगीर-चांपा जिला कार्यालय परिसर में 25 जनवरी को कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर कलेक्टर के द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ डा. ज्योति पटेल, संयुक्त कलेक्टर गुड्डू लाल जगत, वाहिदुर्रहमान शाह सहित अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

Scanned with CamScanner







Scanned with CamScanner

12 | नईदुनिया
बिलासपुर, गुरुवार 15 सितंबर, 2022

# फाइलेरिया से बचाव के लिए अभियान



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि

जांजगीर - चांपा (नईदुनिया न्यूज)। टीसीएल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विधि विभाग, रेड क्रास, रेड रिबन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में फाइलेरिया मुक्ति एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशेष अतिथि विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डा. आभा सिन्हा के द्वारा फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति सदैव सचेत रहने की आवश्यकता है। साथ ही सही समय में सही चिकित्सक से परामर्श लेकर दवा का सेवन करने से इस बीमारी से मुक्तिपाई जा सकती है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकरी राजेश चंद्रा ने दवाओं का सेवन कैसे किया जाए और इसकी उपलब्धता के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस डा. पुष्पा के ने भी संबोधित किया। उन्होंने भी इस बीमारी की उपचार एवं जन जागरूकता पर जोर दिया। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं से आग्रह किया कि सभी इसके प्रति जागरूक रहें। साथ ही समाज एवं घर परिवार के लोगों को भी इसके लिए जागरूक करें। महाविद्यालय के प्राचार्य डाक्टर अंबिका प्रसाद वर्मा ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए सभी छात्र छात्राओं के आवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विधि विभाग के प्राध्यापक डा. जीए सिंह, डा. अभय सिन्हा, प्रो. नरेश आजाद सहित एलएलबी के तीनों संकाय के छात्र - छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

Scanned with CamScanner

नईदुनिया
बिलासपुर, मंगलवार 27 सितंबर, 2022 13

# रासेयो स्वयंसेवकों ने रोपे पौधा



पौधरोपण करते स्वयंसेवक ● नईदुनिया

**जांजगीर-चांपा (नईदुनिया न्यूज)।** टीसीएल पीजी कालेज जांजगीर में एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने कालेज एवं छात्रावास परिसर में पौधरोपण किया। रोपे गए पौधों की देखभाल का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डा. ए के वर्मा, वरिष्ठ प्राध्यापक डा. के पी कुर्रे, डा. एम आर बंजारे, डा. अभय सिन्हा, धनेश्वरी पटेल, कार्यक्रम अधिकारी राजेश चंद्रा सहित कई प्राध्यापक उपस्थित थे। छात्र-छात्राओं में प्रकाश सूर्यवंशी, प्रदीप हंसराज, गोविंदा यादव, विवेक कुमार, लकी, उजाला सूर्यवंशी, अनुराधा आदि छात्र छात्राएं उपस्थित थे। यह कार्यक्रम एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. पुष्पा सिंह के निर्देशन में हुआ।

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)
शासकीय टी.सी.एल. स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, जाँजगीर (छ.ग.)

PRINCIPAL
Govt. T.C.L. P.G. COLLEGE
JANJGIR, DISTT. JANJGIR-CHAMPA (C.G.)

Scanned with CamScanner

# राज्य स्थापना दिवस पर रासेयो का विविध आयोजन



कार्यक्रम में उपस्थित प्राध्यपाक व शिक्षक • नईदुनिया

जांजगीर-चांपा (नईदुनिया न्यूज)। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर शासकीय टी सी एल स्नातकोत्तर महाविद्यालय जांजगीर में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता की पूजा एवं दीप प्रज्वलन कर छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत अरपा पैरी के धार के साथ हुआ।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. ए के शर्मा ने स्वयंसेवकों एवं कालेज के स्टाफ को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्राध्यापक डा. एम एल पाटले, आर के पांडे,डा. मंजूलता कश्यप ,डा. ईश्वरी सूर्यवंशी ,धनेश्वरी पटेल एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से संबंधित सामान्य जानकारी एवं विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित जानकारी स्वयंसेवकों को दी गई । उनमें से उपस्थित कुछ स्वयंसेवकोंअपने विचार रखे अपने विचार रखे। स्वयं सेवकों के द्वारा संकल्प लिया गया कि मतभेदों को भुलाकर एकजुट होकर छत्तीसगढ़ महतारी का सम्मान करेंगे। राज्य के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान देंगे। आयोजन में कार्यक्रम अधिकारी डा. पुष्पा सिंह एवं राजेश चंद्रा का योगदान रहा।

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)
शासकीय टी.सी.एल.स्नातकोत्तर
महाविद्यालय,जाँजगीर (छ.ग.)

PRINCIPAL
Govt. T.C.L. P.G. COLLEGE
JANJGIR, DISTT.-JANJGIR-CHAMPA (C.G.)

Scanned with CamScanner